कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक-14.06.2025

विषयः- थाना सिगरा पुलिस द्वारा एटीएम में छेड़छाड कर लोगों का पैसा चुराने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज व प्रभारी निरीक्षक सिगरा के नेतृत्व में थाना सिगरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 168/2025 धारा- 305ए, 317(2) थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित अभियुक्त सन्तोष कुमार पुत्र कामेश्वर प्रसाद निवासी ग्राम व पोस्ट रामपुर थाना बासुदेवा जनपद बक्सर (बिहार) उम्र करीब 31 वर्ष को थाना सिगरा से दिनांक 14/06/2025 को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना सिगरा पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरणः- आवेदक शाखा प्रबन्धक आईडीबीआई बैंक द्वारा इस आशय कि सूचना दिया गया कि दिनांक: 05.04.2025 छेड़छाड़ समय: 20:36 PM से 22:30 PM के बीच, ग्राहक का लेन-देन 8:42 PM स्थान: आईडीबीआई बैंक एटीएम, सिगरा शाखा घटना की प्रकृति: एटीएम में छेड़छाड़ और धोखाधड़ी से नकदी निकासी संक्षिप्त विवरण: एक ग्राहक ने 8:42 PM पर ₹20,000 की निकासी का प्रयास किया। हालांकि राशि ग्राहक के खाते से डेबिट कर दी गई, लेकिन कोई नकदी वितरित नहीं की गई। ग्राहक की शिकायत प्राप्त होने के बाद और CCTV फुटेज की जांच करने पर हमने यह देखा: 8:36 PM पर, एक अज्ञात व्यक्ति एटीएम में आया और नकदी वितरक पर एक वस्तु चिपकाई, जिससे नकदी प्राप्त करने में रुकावट आई। 8:42 PM पर ग्राहक ने लेन-देन किया, लेकिन रुकावट के कारण नकदी नहीं प्राप्त कर सका। समय 22:28 PM पर वही अज्ञात व्यक्ति फिर से आया, वस्तु हटा दी और ₹20,000 की नकदी प्राप्त की, जिससे स्पष्ट रूप से धोखाधड़ी का प्रयास हुआ। जिसके सम्बन्ध में थाना सिगरा पर मुकदमा दर्ज कराया है।

पूछताछ विवरण- अभियुक्त सन्तोष कुमार (उम्र करीब 31 वर्ष) पुत्र कामेश्वर प्रसाद निवासी ग्राम व पोस्ट रामपुर थाना बासुदेवा जनपद बक्सर (बिहार) बदरियाफ्त पूछतांछ पर जुर्म स्वीकार करते हुए पूछतांछ पर बता रहा है कि दिनांक 05/04/2025 को मैं बनारस अपनी गाड़ी लेकर आया था और गाड़ी मैं ही चला रहा था उसी दिन आईडीबीआई बैंक एटीएम नगर निगम सिगरा में जो पैसे निकालने की घटना हुई थी उस घटना को मैं व मेरा साथी धर्मेन्द्र पुत्र सुरेन्द्र नि0 थाना चकी दोनों लोग मिलकर अंजाम दिये थे मैं अपने साथी के साथ बनारस लगभग चार बार पहले भी आया था चारो बार मेरा दोस्त और मैं रास्ते में और बनारस शहर में मिलने वाले दस-बीस एटीएम पर काली पट्टी लगा देते थे और लोग अपना पैसा निकालने एटीएम आते थे उनका पैसा काली पट्टी की वजह से फस जाता और दो तीन घण्टे बाद हम लोग जाकर एटीएम में जो काली पट्टी लगाये रहते थे उसको चेक करके फंसे हुए रूपयों को हम लोग लेकर आपस में बराबर- बराबर बांट लेते थे इस घटना में हम लोगों को

20,000/-रू0 मिले थे जिसको हम लोगों ने बराबर - बराबर आपस में बांट लिये थे। जिसमें से कुछ रूपये मेरे पास बचे हुए हैं जिसको आप लोगों द्वारा बरामद कर लिया गया है।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता व उम्र-</u> सन्तोष कुमार (उम्र करीब 31 वर्ष) पुत्र कामेश्वर प्रसाद निवासी ग्राम व पोस्ट रामपुर थाना बासुदेवा जनपद बक्सर (बिहार)।

<u>बरामदगी का विवरण-</u> 3000/-रू0 चोरी का मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित।

<u>गिरफ्तार/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. श्री संजय कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री प्रशान्त बन्धु थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 विरेन्द्र यादव थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 नीरज कुमार मौर्या थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 चिन्ता हरण तिवारी थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 अखिलेश गिरी थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन,
कमिश्नरेट वाराणसी।